B.O.S 2026-27.

Date.
Page No.

सेवा में,
प्राचार्य
चमनलाल महाविद्यालय
लण्ढौरा (हरिद्वार)

विषय :- B.O.S. की मीटिंग के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृप्या अवगत कराना है कि महाविद्यालय में कृषि विज्ञान विभाग द्वारा स्ववित्त पोषित बी. एससी. (आनर्स) कृषि की B.O.S. की वर्ष 2026-27 की बैठक दिनाँक ~~को आपकी अध्यक्षता में आहुत बैठक में लिये गये निर्णयों~~ दिनांक 18.5.2026 के आपके आदेश के अनुपालन में दिनांक 21.05.2026 को कृषि विज्ञान विभाग में आयोजित किया जाना निश्चित हुआ हैं

B.O.S. समिति के सदस्यगण निम्न प्रकार हैं :-

01.	डॉ० मुकेश कुमार	प्रभारी कृषि वि. विभाग	सदस्य
02.	डॉ० एस. के. धामा (से०आ०)	आर. एम. पी. कालेज, नारसन	सदस्य
03.	डॉ० संदीप कुमार	" " " "	सदस्य
04.	डॉ० दीपक बहुगुणा (से०आ०)	चमनलाल महाविद्यालय	सदस्य
05.	डॉ० विपिन कुमार	गुरुकुल काँगडी विश्वविद्यालय	सदस्य
06.	कु० दिव्या सिंघल, (पूर्व छात्रा)	चमनलाल महाविद्यालय	

बैठक का एजेंडा :-

01. गत वर्ष के कार्यवृत का अनुमोदन
02. वर्ष 2026-27 के लिए पाठ्यक्रम निर्धारण पर विचार
03. प्रश्नपत्र संरचना / निर्धारण पर विचार
04. परीक्षा पैटर्न पर विचार
05. बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति पर विचार
06. अन्य बिन्दु

(i) प्रश्न पत्र समयावधि
(ii) आन्तरिक मूल्यांकन

Scanned with OKEN Scanner

-: बैठक का कार्यवृत :-

आज दिनाँक 25.7.26 को पूर्व मे प्रसारित एवं अनुमोदित एजेन्डा के अनुसार बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यगणो के साथ बिन्दुवार विचार-विमर्श एवं कृत कार्यवाही का विवरण निम्नवत है:-

उपस्थित सदस्यगण :-

01. डॉ० मुकेश कुमार [signature] 25.7.2026.
02. डॉ० एस. के. धामा [signature]
03. डॉ० संदीप कुमार [signature]
04. डॉ० दीपक बहुगुणा [signature]
05. डॉ० विपिन कुमार
06. कु० दिव्या सिंहल Divya Singhal

सर्वप्रथम बैठक मे उपस्थित समस्त सम्मानित सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुये प्रभारी कृषि विज्ञान विभाग डॉ० मुकेश कुमार द्वारा पूर्व मे प्रसारित बैठक के एजेन्डा के अनुसार सदस्यों से बिन्दुवार विचार-विमर्श किया गया।

एजेन्डानुसार सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय / कृत कार्यवाही का विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम. सं०	एजेन्डा	विचार / विमर्श / सहमति विवरण
01.	पूर्व बैठक के कार्यवृत का अनुमोदन	डॉ० मुकेश कुमार द्वारा पूर्व बैठक दिनाँक 17/11/2025 के कार्यवृत को पढ़कर सुनाया। जिस पर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।
02.	वर्ष 2026-27 के लिए पाठ्यक्रम निर्धारण पर विचार	डॉ० मुकेश कुमार जी द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि BA

		डीन कमेटी द्वारा बी. एससी. (आनर्स) कृषि के पाठ्यक्रम में संशोधित कर संस्तुति की गयी। अतः श्रीदेव सुमन उ०ख० विश्वविद्यालय टि० ग० (उ०खण्ड) द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम/ विषय तदानुसार स्वीकृति पर सहर्ष सहमति व्यक्त की गई।
03.	प्रश्नपत्र/ निर्धारण/संरचना पर विचार	श्री देव सुमन वि० द्वारा अपनायी गयी पद्धति के अनुरूप कृषि संकाय के प्रश्नपत्रों का प्रारूप रखने एवं प्रश्नपत्र हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा में मुद्रण पर सहमति व्यक्त की गई।
04.	श्री देव सुमन उ० वि० टि० ग० (उ० ख०) द्वारा भविष्य में संशोधन/ परिवर्तन किये जाने पर महाविद्यालय द्वारा भी यथारूप स्वीकार किये जाने पर विचार	सहमति व्यक्त की गई।
05.	विभाग में वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम के संचालन पर विचार एवं पाठ्यक्रम निर्धारण	VI डीन कमेटी की संस्तुतियों के अनुरूप श्री देव सुमन उ०ख० टि०ग० द्वारा अंगीकृत पाठ्यक्रम के अनुरूप सर्वसम्मति से कार्यक्रम चलाने पर सहमति व्यक्त की गई।

यह भी सूच्य है कि समिति के समस्त सदस्यगण इस बिन्दु पर सहमत थे कि श्रीदेव सुमन उ०ख० विश्वविद्यालय टि०गा० द्वारा अंगीकृत पाठ्यक्रम, प्रश्नपत्र प्रारुप, परीक्षा मूल्यांकन, परीक्षा पैटर्न आदि का अक्षरशः अनुपालन चमनलाल महाविद्यालय (स्वायत्त) द्वारा बी० एससी० (ऑनर्स) कृषि की कक्षाओं हेतु किया जाऐं।

अन्त क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आदेशों के अनुरुप निम्न बिन्दुओं पर अनुमोदन विचारोपरान्त प्रस्तावित है।

1.	मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने हेतु छात्रों को 2.30 घण्टे का समय प्रदान करना।	सर्वसम्मति से सहमति दी गई।
2.	राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) एवं विश्वविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरुप पाठ्यक्रम में 75 अंक की मुख्य परीक्षा तथा 25 अंक का आंतरिक मूल्यांकन लागू करना।	व्यवस्था उपयोगी एवं समय के अनुरुप बताते हुए सहमति व्यक्त की गई
3.	Internal Exam प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आंतरिक मूल्यांकन (15 अंक की परीक्षा, 5 अंक उपस्थिति तथा 5 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) केन्द्रीकृत माध्यम से सम्पादित करना। 15 अंकों हेतु Midterm परीक्षा आयोजन पर विचार।	परीक्षा एवं छात्र मूल्यांकन हेतु समयानुकूल व्यवस्था पर सहर्ष विचार करते हुए सहमति प्रदान की गई।

अन्त में समस्त माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सभा/बैठक समाप्त की गई।

[signature]
24.7.2026

Scanned with OKEN Scanner